## राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर (म.प्र.)

क्र. 7685/सम्बद्धता/रा.मा.तो.वि.वि./2022 दिनांक 31/05/22

### शैक्षणिक सत्र 2022–23 में संबद्ध महाविद्यालयों की अस्थाई निरंतरता एवं नवीन महाविद्यालयों की नवीन अस्थाई संबद्धता

### //अधिसूचना//

राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) से संबद्ध संगीत एवं कला महाविद्यालयों को शैक्षणिक सत्र 2022–23 में अस्थाई निरंतरता एवं नवीन महाविद्यालयों को अस्थाई संबद्धता प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक सूचनाएँ।

1. आवेदन पत्र : विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की सत्र 2022–23 में अस्थाई निरंतरता एवं संस्कृति संचालनालय भोपाल से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त महाविद्यालयों की नवीन संबद्धता हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rmtmusicandartsuniversity.com से आवेदन पत्र डाउनलोड कर आवश्यक प्रतिपूर्तियों एवं संलग्नकों सहित आवेदन शुल्क राशि रू 5000/– (पांच हजार मात्र) के डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ विश्वविद्यालय में जमा करने की **अंतिम तिथि क्रमशः 17.05.2022 एवं 24.05.2022 निर्धारित की गई।**

2. **निरीक्षण प्रक्रिया** : सत्र 2022–23 में अस्थाई निरंतरता एवं नवीन अस्थाई संबद्धता हेतु निरीक्षण प्रक्रिया दिनांक 06 जून 2022 से 20 जून 2022 के मध्य संपन्न होगी।

3. **पाठ्यक्रमों का उन्नयन** : सत्र 2022–23 में पूर्व संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा उनके महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों के उन्नयन हेतु संस्कृति संचालनालय भोपाल द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने के आधार पर निरीक्षण समिति की अनुशंसानुसार पाठ्यक्रमों के उन्नयन पर विचार किया जावेगा।

4. **नवीन अस्थाई संबद्धता** : सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय से नवीन अस्थाई संबद्धता प्राप्त कर रहे महाविद्यालयों (नवीन दिशा निर्देशानुसार संस्कृति संचालनालय भोपाल द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त) को निरीक्षण समिति की अनुशंसा के आधार पर नवीन अस्थाई संबद्धता प्रदान करने संबंधी विचार किया जावेगा।

5. अनापत्ति प्रमाण–पत्र : पूर्व संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2022–23 में पाठ्यक्रमों के उन्नयन हेतु निरंतरता आवेदन पत्र के साथ पाठ्यक्रमों के उन्नयन हेतु संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा जारी नवीन दिशा निर्देशों के क्रम में संस्कृति संचालनालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न न किये जाने की स्थिति में उनके द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रमों के उन्नयन पर विचार नहीं किया जा सकेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

नवीन महाविद्यालयों द्वारा संबद्धता आवेदन पत्र के साथ नवीन संबद्धता हेतु संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा जारी नवीन दिशा निर्देशों के क्रम में संस्कृति संचालनालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न न किये जाने की स्थिति में संबंधित महाविद्यालयों को नवीन संबद्धता निरीक्षण प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

6. <u>निरीक्षण दल का मानदेय</u> : निरीक्षण दल के प्रत्येक सदस्य को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानदेय एवं शासकीय यात्रा नियमों के अनुरूप वास्तविक किराया देय होगा। यदि विशेषज्ञों का वेतनमान शासन के नियमों के अनुरूप नहीं है तो तृतीय श्रेणी ए.सी. रेल/बस किराये की पात्रता अनुसार वास्तविक किराया देय होगा। निरीक्षण दलों को मानदेय एवं यात्रा व्यय का भुगतान निरीक्षण दिनांक को संबंधित महाविद्यालय द्वारा किया जावेगा।

7. <u>पंजीयन शुल्क</u> : पाठयक्रमों के उन्नयन एवं नवीन संबद्धता हेतु पंजीयन शुल्क निम्नानुसार देय होगा।

1. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (10+2 परीक्षा अहर्ता तक) हेतु पंजीयन शुल्क राशि रूपये 5,000/–
2. सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु पंजीयन शुल्क राशि रूपये 12000/–
3. स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों हेतु पंजीयन शुल्क राशि रूपये 16000/–
4. स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों हेतु पंजीयन शुल्क राशि रूपये 20000/–
5. निरंतरता प्राप्त कर रहे महाविद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रमों के उन्नयन हेतु (आवश्यकतानुसार) पंजीयन शुल्क राशि एक ही बार जमा करायी जावेगी।
6. नवीन संबद्धता प्राप्त कर रहे महाविद्यालयों द्वारा संस्कृति संचालनालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर निरीक्षण समिति द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों हेतु पंजीयन राशि नवीन संबद्धता वर्ष में एक ही बार जमा कराई जावेगी।
7. महाविद्यालयों द्वारा भविष्य में संबंधित पाठ्यक्रम अथवा महाविद्यालय बंद करने की स्थिति में पंजीयन राशि वापिस नहीं की जावेगी।

8. <u>सुरक्षा निधि</u> :

1. पूर्व संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा पूर्व में जमा कराई गई एफ.डी.आर. की परिपक्वता अवधि समाप्त होने की स्थिति में नवीन सत्र में नवीनीकृत एफ.डी.आर. जमा कराये जाने के उपरांत ही संबंधित महाविद्यालय को नवीन सत्र 2022–23 हेतु मान्य किया जा सकेगा।
2. नवीन संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों द्वारा सुरक्षा निधि स्वरूप एफ.डी.आर. जमा कराये जाने के उपरांत ही संबंधित महाविद्यालय को विश्वविद्यालय से नवीन अस्थाई संबद्धता संबंधी पत्र जारी किया जा सकेगा।

3. 10+2 परीक्षा तक अहर्ता पाठ्यक्रमों हेतु सुरक्षा निधि राशि 10,000/- एवं 10+2 परीक्षा से अधिक अहर्ता पाठ्यक्रमों हेतु सुरक्षा निधि राशि 20,000/- होगी।
4. महाविद्यालयों द्वारा सुरक्षा निधि स्वरूप एफ.डी.आर. के माध्यम से जमा कराई जाने वाली राशि अधिकतम 20,000/- होगी।
5. निरंतरता प्राप्त कर रहे महाविद्यालयों द्वारा नवीन सत्र में किसी अन्य कक्षा/विषय की अतिरिक्त सम्बद्धता प्राप्त किये जाने पर पूर्व में जमा की गई सुरक्षा निधि राशि रूपये 20,000/- से कम होने की स्थिति में शेष राशि जमा कराई जावेगी।
6. सुरक्षा निधि राशि की एफ.डी.आर संबंधित महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के अध्यक्ष अथवा सचिव शासी निकाय एवं कुलसचिव, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के संयुक्त नाम से बनवाकर वि.वि. में जमा की जावेगी।
7. सुरक्षा निधि स्वरूप जमा कराई गई एफ.डी.आर. की परिपक्वता अवधि समाप्त होने पर नवीनीकृत एफ.डी.आर. विश्वविद्यालय में जमा कराने का दायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।
8. <u>**निरंतरता पत्र :**</u> निरीक्षण दलों से प्राप्त अनुशंसायें विद्यापरिषद् द्वारा अनुमोदित किये जाने के पश्चात् संबंधित महाविद्यालयों को अस्थाई निरंतरता/नवीन अस्थाई संबद्धता शुल्क (18% जी. एस.टी. सहित) निर्धारित तिथि तक जमा कराये जाने संबंधी पत्र जारी किये जा सकेंगे।

   महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित तिथि तक अस्थाई निरंतरता/नवीन अस्थाई संबद्धता शुल्क जमा कराये जाने के पश्चात् सत्र 2022-23 में महाविद्यालय की अस्थाई निरंतरता/अस्थाई नवीन संबद्धता संबंधी पत्र जारी किये जा सकेंगे।

**नोट :- उपरोक्त सूचनाओं में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव है।**
**(माननीय कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)**

संबद्धता प्रभारी — कुलसचिव

क्र.7686/सम्बद्धता/रा.मा.तो.वि.वि./2022 — दिनांक 31/05/22

प्रतिलिपि :-

1 माननीय कुलपति जी, रा.मा.तो.वि.वि. ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
2 श्रीमान् प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, म. प्र. शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3 संचालक, संस्कृति संचालनालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4 विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड प्रति।
5 संबंधित नस्ती प्रति।

संबद्धता प्रभारी — कुलसचिव

2. निरंतरता शुल्क की नवीनतम दरें (प्रति विषय) जो सत्र 2022–23 में प्रभावशील होंगीः–

| S. No. | Name of the course | New Proposed Fee |
|---|---|---|
| | PG Courses | |
| 1 | M.F.A. (Each Subject) | 20000/- |
| 2 | M.P.A. (Each Subject) | 15000/- |
| 3 | M.A. (Each Subject) | 20000/- |
| | UG Courses | |
| 4 | B.F.A. (Each Subject) | 15000/- |
| 5 | B.P.A. (Each Subject) | 12000/- |
| 6 | B.Desing | 30000/- |
| 7 | B.A. (Each Subject) | 9000/- |
| 8 | Certificate in Performing Art / Certificate In Fine Art (Each Subject) | 18000/- |
| 9 | Diploma in Performing Art / Diploma In Fine Art (Each Subject) | 18000/- |
| 10 | Advance Diploma In Performing Art / Advance Diploma In Fine Art (Each Subject) | 18000/- |

निरंतरता शुल्क School level courses

| S. No. | Name of the course | New Proposed Fee |
|---|---|---|
| 1 | Kala Ratna Diploma In Performing Art (Each Subject) | 4000/- |
| 2 | Vid Diploma In Performing Art (Each Subject) | 3500/- |
| 3 | Madhyma Diploma In Performing Art (Each Subject) | 3000/- |
| 4 | praveshika Certificate In Performing Art (Each Subject) | 3000/- |
| 5 | Junior Certificate (Each Subject) | 2500/- |
| 6 | Junior Diploma (Each Subject) | 3500/- |
| 7 | Sangeetika juniour Diploma In Performing Art (Each Subject) | 3000/- |
| 8 | Sangeetika Senior Diploma In Performing Art (Each Subject) | 3500/- |

संबद्धता प्रभारी

कुलसचिव

नवीन संबद्धता शुल्क की नवीनतम दरें (प्रति विषय) जो सत्र 2022–23 में प्रभावशील होंगी :–

| S. No. | Name of the course | Fee Payble by College |
|---|---|---|
| | **PG Courses** | |
| 1 | M.F.A. (Each Subject) | 30000/- |
| 2 | M.P.A.(Each Subject) | 20000/- |
| 3 | M.A. (Each Subject) | 25000/- |
| | **UG Courses** | |
| 1 | B.F.A. (Each Subject) | 20000/- |
| 2 | B.P.A. (Each Subject) | 15000/- |
| 3 | B.Design | 40000/- |
| 4 | B.A. (Each Subject) | 15000/- |
| 5 | Certificate in Performing Art / Certificate In Fine Art (Each Subject) | 20000/- |
| 6 | Diploma in Performing Art / Diploma In Fine Art (Each Subject) | 20000/- |
| 7 | Advance Diploma In Performing Art / Advance Diploma In Fine Art (Each Subject) | 20000/- |

## संबद्धता शुल्क School level courses

| S. No. | Name of the course | New Proposed Fee |
|---|---|---|
| 1 | Kala Ratna Diploma In Performing Art (Each Subject) | 5000/- |
| 2 | Vid Diploma In Performing Art (Each Subject) | 4500/- |
| 3 | Madhyma Diploma In Performing Art (Each Subject) | 4000/- |
| 4 | praveshika Certificate In Performing Art (Each Subject) | 4000/- |
| 5 | Junior Certificate (Each Subject) | 4000/- |
| 6 | Junior Diploma (Each Subject) | 6000/- |
| 7 | Sangeetika juniour Diploma In Performing Art (Each Subject) | 4000/- |
| 8 | Sangeetika Senior Diploma In Performing Art (Each Subject) | 6000/- |

संबद्धता प्रभारी

कुलसचिव